संक्षिप्त

नगरपालिका ने शुरू करवाई सफाई

रूपवास । नगरपालिका परिक्षेत्र के सभी 25 वार्डों में आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए नगरपालिका द्वारा नालियों,गलियों एवं नालों का सफाई अभियान शुरू करवा दिया गया है। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी योगेश कुमार पिप्पल ने बताया कि कुछ दिनों बाद बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। ऐसी स्थिति में नगरपालिका के द्वारा सभी 25 वार्डों में सफाई का कार्य शुरू करवाया गया है। सफाई के दौरान नालियों एवं गलियों की सफाई करवाई जा रही है। जिससे आगामी बरसात के दिनों में बरसात का पानी गलियों एवं सड़कों पर एकत्रित न हो। इस सफाई अभियान के दौरान जेसीबी मशीन एवं नगरपालिका के सफाई कर्मचारी रूपवास को स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभा रहे है।

एनिकटों का किया निरीक्षण

करौली । जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने सोमवार को मासलपुर खुंडा, मरदई खुर्द व केशपुरा में बने एनीकट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने निर्माण एवं मरम्मत कार्यों कार्य की प्रगति का जमीनी स्तर पर जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने जल संसाधन एवं अन्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को उक्त कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके बनाये रखने के लिए निर्देशित किया एवं कोई लापरवाही न बरतने के आदेश भी दिये। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए बने हुए एनिकटों को पानी की उपलब्धता के संबंध में समय समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिये जिससे पशुपालकों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडें। इस अवसर पर मासलपुर तहसीलदार कौशल गर्ग सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

करणपुरधाम के लिए बसयात्रा

गंगापुर सिटी । मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति के तत्वाधान में जैठ सूदी छठ रविवार 1 जून को गंगापुर सिटी से करणपुर धाम के लिए बसयात्रा दोपहर 2.30 बजे मां गुमानो बीजासणी मैया के सानिध्य में थोक फल सब्जी मण्डी उदेई मोड से रवाना होगी जो कि शाम 5 बजे करणपुर धाम पहुंचेगी। समिति अध्यक्ष महेश चंद शर्मा, बस यात्रा संयोजक दिनेश बंसल चूडी वाले ने माता रानी के सभी भक्तो से ज्यादा सेज्यादा बसयात्रा में चलने का आह्वाहन किया है। महामंत्री गोपाल सोनी बताया कि इस दौरान मां गुमानो यात्री निवास में विशाल भण्डारा व मां भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान ड्रा सिस्टम से चुनरियो की लॉटरी निकाली जायेगी। माता रानी के भक्त बसयात्रा संयोजक दिनेश चूडी, सह संयोजक पप्पू गुरू, अध्यक्ष महेश शर्मा एवं कार्यकारिणी सदस्यो से अपनी सीट बुक करवा ले।

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करें : कलेक्टर

- कलक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी विभाग समन्वय से कार्य करते हुए सकारात्मक कदम उठाऐं तथा आम लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार भी करें।

जिला कलक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजमार्गों पर सड़क दुर्घटना के संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर सकारात्मक कदम उठाकर समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि संभावित दुर्घटनाओं से बचने के लिए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संगठन के मापदंड अनुसार निर्धारित नियमों की पालना के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने सभी दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने, ट्रैक्टर ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को ऊंचा नगला से सारस चौराहा, डहरा मोड,. छौंकरवाड़ा में एलिवेटेड रोड बनाने के कार्य की जानकारी ली तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श कर कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्री वाहन निर्धारित बस स्टॉप पर ही रुकें यह सुनिश्चित किया जाए, पालना नहीं करने वाले वाहन का चालान बनाकर ड्राइवरों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में सभी स्थाई-अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सार्वजनिक निर्माण विभाग, आरएसआरटीसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने रोड किनारे सूखे पेड़ों को हटाने तथा आंधी-तूफान के समय पेड गिर जाने पर शीघ्र हटवाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घनी आबादी क्षेत्र अथवा कस्बा से होकर गुजर रहे सड़कों के दोनों ओर बने नालों की सफाई वर्षा पूर्व करवाया जाना सुनिश्चित करें।

जिला कलक्टर ने मेडिकल कॉलेज में प्रस्तावित ट्रोमा सेंटर एवं अन्य विकास कार्यों को देखते हुए मेडिकल कॉलेज के सामने कट तैयार करने, मथुरा बाईपास पर स्थाई-अस्थाई सभी अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ऐसे संभावित दुर्घटना क्षेत्र में सुधारात्मक कदम उठाने के साथ आमजन को भी जागरूक करें। सभी थानों में आवश्यक टेलीफोन नंबरों की सूची प्रदर्शित की जाए। उन्होंने मानसून पर सड़कों के आसपास बने नालों, तलाई, जल स्त्रोतों को भी साफ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने हिट एंड रन मुआवजा योजना एवं कैशलेस एक्सीडेंट उपचार योजना के बारे में जागरूकता लाने की बात कही।

इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, अधीक्षण अभियंता विद्युत, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी, आरएसआरडीसी के परियोजना निदेशक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

फल सब्जियों की जांच के लिए विशेष अभियान

करौली । शुद्ध आहार मिलावट पर वार के अंतर्गत फल सब्जियों की जांच हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत 30 मई तक फल सब्जियों के सैंपल लिए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने बताया कि खाद्य वस्तुओं में मिलावट के साथ अब फल सब्जियों को वजनदार बनाने और पकाने के लिए केमिकल का उपयोग की आशंका है जिसकी जांच हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय द्वारा प्रदेश व्यापी जांच अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत खाद्य सुरक्षा टीमों द्वारा फल सब्जियों के नमूने संकलित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय सिंह और बाबूलाल तगाया द्वारा फल व सब्जियों के नमूने लिए गए। उन्होंने बताया कि सोमवार को थोक विक्रेता दिलदार फ्रूट कंपनी से मौसमी,जय घाटी ट्रेडिंग कंपनी से पपीता व मौसमी,सलीम इस्लाम एंड कंपनी पांडे का कुंआ से मौसमी के सैंपल लिए गए। इसी प्रकार रविवार को बस स्टैंड मंडरायल में प्रवीण फ्रूट सेन्टर से पपीता व केला,संतोष फ्रूट सेंटर से आम,एस. के फ्रूट कम्पनी से केला और जयदेव फ्रूट सेंटर से तरबूज के नमूने लिए गए। इसी प्रकार शनिवार को विजय फ्रुट सेन्टर बस स्टैंड करौली से कैला,मॉ वैष्णो फ्रूट सेन्टर बस स्टैंड करौली से आम, सरकारी अस्पताल के बाहर फल विक्रेता सोनू फल विक्रेता सरकारी सेब,मोहसिन फल विक्रेता से पपीता,अजीत फल विक्रेता से आम के नमूने लिए गए।

दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफतार

गंगापुर सिटी । सदर थाना पुलिस ने महावीरजी क्षेत्र से दो ईनामी बदमाशों को कार सहित गिरफ्तार किया है। पकडे गए बदमाश अवधेश मीणा और विकास मीणा पर जिला स्तर पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के अनुसार अवधेश मीणा थाना पीलोदा और कुडगांव में फायरिंग की घटनाओं में वांछित था। एक सप्ताह से पुलिस की कई टीमें इनकी तलाश कर रही थीं। थानाधिकारी बनी सिंह के नेतृत्व में टीम ने विशेष योजना बनाकर दोनों को पकडा। 18 फरवरी 2०25 को पीलोदा रेलवे फाटक पर पहली घटना हुई। हिस्ट्रीशीटर नेहरू मीणा शादी से लौट रहा था। अवधेश मीणा और राजेश खंडीप ने बोलेरो से रास्ता रोका। अवधेश ने फायरिंग की। विशाल, विकास बडौदा और रवि उर्फ बल्ली खंडीप ने नेहरू मीणा से मारपीट की और गाडी तोडी। दूसरी घटना 6 मई 2०25 को सलेमपुरा पेट्रोल पंप के पास हुई। गोविंद मीणा की स्कॉर्पियो पर फायरिंग की गई। गाडी बबलू गुर्जर चला रहा था। इस मामले में अवधेश मीणा, राजेश मीणा समेत सात बदमाशों पर केस दर्ज हुआ। दोनों बदमाश मीना बडौदा, थाना वजीरपुर के रहने वाले हैं। रम्मो छावडी की गोपनीय सूचना पर पुलिस ने 24 मई 2०26 को भुसावर इलाके से दोनों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी में थानाधिकारी बनी सिंह के साथ जवर सिंह, महेन्द्र, धर्मपाल, देवेंद्र, मुरारीलाल, विक्रम, विजय, प्रेमचंद और राजकुमार शामिल थे।

बाल विवाह के दुष्परिणाम की दी जानकारी

करौली, (निंसं.) बाल विवाह मुक्त करौली अभियान के अंतर्गत विभिन्न संगठनों द्वारा बाल विवाह के खिलाफ आमजन को जागरूक करने के लिए जिलें में विभिन्न क्षेत्रों में समुदाय के साथ जागरूकता शिविर का आयोजित किया गया। एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि बताया कि जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड-यूनिसेफ द्वारा बाल विवाह मुक्त करौली अभियान के चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जिलें को बाल विवाह मुक्त बनाना है। अभियान के अंतर्गत जिला स्तर से लेकर ठाम स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें। जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सभी विभागों द्वारा अभियान के अंतर्गत तय गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की जानकारी देकर बाल विवाह नही करने एवं बाल विवाह होने की स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, जिला स्तरीय बाल विवाह नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नबंर 07464-251335 एवं उपखंड स्तरीय कंट्रोल रूप पर शिकायत करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

शिविर में स्वावलंबी बनने व घरेलू उद्योगों की दी जानकारी

करौली (निंसं.) राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला करौली के तत्वाधान में स्थानीय संघ कार्यालय पर आयोजित डीऐलएड छात्राध्यापिकाओं के सात दिवसीय आवासीय शिविर में खादी ठामोद्योग के करौली इकाई प्रमुख सुरेश चन्द शर्मा ने छात्राध्यापिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वावलंबी बनने में छोटे छोटे ठामोद्योग और परंपरागत घरेलू उद्योगों की महत्वा आज भी प्रासंगिक है। हमें इन का संरक्षण करते हुए इनके उत्पादों को जीवन में अपनाना चाहिए।इस अवसर पर उन्होंने खादी ठामोद्योग द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

शिविर प्रभारी हीरालाल रावत और सह संचालक भगवान सिंह भंडारी ने बताया कि आज फ्लैग होस्टिंग पर अतिथियों का स्काउट रीति से स्कार्फ पहना कर स्वागत किया गया।सचिव स्थानीय संघ मुकेश सारस्वत ने बताया कि स्थानीय संघ के उप प्रधान अजय कुमार शर्मा द्वारा ध्वजपोल एवं मुख्य अतिथि सुरेश चन्द शर्मा खादी वालों ने एक बड़ा फर्श स्थानीय संघ को निशुल्क भेंट किया। अजय कुमार के सहयोग से दो फर्राटा पंखा का सहयोग स्थानीय संघ को प्राप्त हुआ है।

इससे पूर्व दिवस पर आयुर्वेद अधिकारी नरेश वैध और उनकी धर्मपत्नी महिला मोर्चा प्रभारी और स्थानीय संघ की उप प्रधान विद्या वैष्णव ने अपने शिविर संबलन के दौरान छात्राध्यापिकाओं को स्वास्थ से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की उन्होंने एनीमिया से होने वाले रोग,खून की कमी और इसकी रोकथाम और साबधानी की विस्तार से जानकारी प्रदान की।महिला मोर्चा प्रभारी विद्या वैष्णव ने महिलाओं के सामाजिक और राष्ट्रीय योगदान में महत्व को इंगित करते हुए बताया कि, कामकाजी महिलाओं की कार्यक्षेत्र और परिवार की दोहरी जिम्मेदारी होती है नारी के विभिन्न रूप है अत: समाज ओर परिवार को उन्नत दिशा प्रदान करना नारी की जिम्मेदारी है उन्होंने राष्ट्रीय कार्यक्रम में स्काउट गाइड की भागेदारी की सराहना की।शिविर का मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी करौली गोपाल प्रसाद मीणा और डाइट प्राचार्य करौली पुष्पेंद्र शर्मा ने निरीक्षण किया।

उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। छात्राध्यापिकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने साइबर सुरक्षा की विस्तार से जानकारी देते हुए मोबाइल के दुष्परिणामों से अवगत कराया । प्राचार्य डाइट करौली पुष्पेंद्र शर्मा ने स्वास्थ जीवन शैली अपनाने हेतु विभिन्न प्रकार की जानकारी से संभागियों को लाभान्वित किया। उन्होंने मोबाइल से दूरी बनाए रखने हेतु जानकारी प्रदान की।इससे पूर्व शिविर प्रभारी हीरा लाल रावत ,प्रशिक्षक दल के भगवान सिंह भंडारी,ममता शर्मा, सीओ गाइड निरमा मीणा ने स्वागत किया और शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रोवर निकिन, जालंधर, रितेश, रेंजर करिश्मा राठौर, अजली आदि उपस्थित रहे।

पुलिस ने अभियान चलाकर 106 अपराधियों को किया गिरफ्तार

करौली, (निंसं.) भीषण गर्मी में करौली पुलिस के द्वारा एरिया डोमिनेशन अभियान चलाकर जिले भर में सर्च अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए 106 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है जिनमें कई इनामी बदमाश भी शामिल है। पुलिस रेंज भरतपुर के महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के निर्देशन में वांछित अपराधियों व असामाजिक तत्वो की धरपकड के संबंध में चलाए गए दो दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत करौली पुलिस ने बडी संख्या में अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय की तेजतर्रार कार्यौली की बदौलत जिले में अपराध का ठाफ गिरा तो जेलो में अपराधियों की संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत जिले भर में 297 पुलिसकर्मियों की 71 टीम बनाकर 464 संदिग्ध स्थानो पर दाबिस देते हुए 106 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया अभियान के दौरान 34 स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटी,चार जघन्य मामलों में वांछित अपराधी, दो सामान्य अपराधों में वांछित,दो इनामी अपराधियो, 9 अपराधियों को आबकारी अधिनियम,दो अवैध हथियारों के तहत दर्ज मुकदमों में, एक हिस्ट्री सीटर अपराधी एवं 11 अपराधियों को अन्य अधिनियमों में दर्ज मुकदमों के तहत 41 अपराधियों को विभिन्न मामलों यथा शांति भंग,चालान शुदा अपराधियों को 'ाकिंजे में लिया है पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले भर में अवैध शराब के विरुद्ध अलग-अलग स्थानो पर 11 नवीन मुकदमे दर्ज करते हुए 681 अवैध शराब बरामद कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया एवं अवैध खनन के विरुद्ध अलग-अलग स्थानो पर दो नवीन मुकदमे दर्ज करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है इसके अलावा नई मंडी थाना पुलिस ने पांच-पांच हजार रुपए के हत्या के प्रयास में वांछित दो इनामी बदमाश रिंकू मीणा और पोन्या एवं मनीष कुमार मीणा को गिरफ्तार कर लिया है एरिया डोमिनेशन अभियान में थाना नई मंडी हिंडौन, थाना महावीर जी, मंडरायल, टोडाभीम,थाना बालघाट,कोतवाली करौली, थाना गढमोरा, थाना मामचारी, सूरौठ, नादौती के अलावा कई अन्य थानो कि पुलिस ने अपराधियों के ठिकानों पर दबिशा देते हुए। गिरफ्तारी की कार्यवाही कि भीषण गर्मी में करौली पुलिस की दबि'ाो से छुपकर सुकून की छांव तलाश रहे वांछित अपराधियों पर खाकी का कड़ा प्रहार होते ही वांछित अपराधियों की लुका छुपी का खेल खत्म सा हो गया।

तिरंगा शौर्य यात्रा का स्वागत

गंगापुर सिटी । गत दिनों देश की सेना द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सैनिकों के अदम्य, साहस पराक्रम और शौर्य के सम्मान में गंगापुर शहर में श्रीसीताराम मंदिर प्रांगण से मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली गई विशाल तिरंगा शौर्य यात्रा का वैश्विक ब्राह्मण समाज संगठन विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं ब्रह्मजनों द्वारा जोन एक डी के प्रदेशाध्यक्ष एवं भाजपा नेता डॉ.हेमंत शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

इस दौरान कार्यकर्ताओ ने भारत माता की जय,वंदे मातरम, हिन्द की सेना जिंदाबाद के नारों से वातावरण को गुंजायमान करते हुए पुष्पवर्षा कर स्वागत, अभिनंदन किया। विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन एक डी के युवा जिलाध्यक्ष धनेश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष डॉ.शर्मा ने कहा कि निश्चित रूप से हमारी सेनाओं की सीमा पर प्रतिपल निष्ठापूर्वक जिम्मेदारी को निभाने के बलबूते हम सभी भारतीय बिल्कुल निश्चिंत होकर अपने जीवन को जी पा रहे हैं। उनके द्वारा आतंकवाद के खिलाफ की गई जवाबी कार्रवाही पर हम सभी भारतीयों को गर्व करना चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा, रमेश खादी, जिलाध्यक्ष दिलीप तिवाडी, प्रदेश सचिव विष्णु गुरुजी, संगठन जिला महामंत्री मदन मोहन शर्मा, पूर्व पार्षद अशोक शर्मा, जितेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा सहारा, धर्मेन्द्र शर्मा सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं ब्रह्मजन उपस्थित रहे।

बताई वार्ड की समास्याएं

करौली (निंसं.) करौली नगर परिषद के वार्ड 44 के पार्षद ने नगर परिषद के सहायक अभियंता शुभम गुप्ता से मुलाकात कर शहर के तीन दरवाजा पाल को लेकर विस्तृत चर्चा कर उन्हें मूल समस्या व उचित प्रभावी समाधान के बारे में अवगत करते हुए समस्या निराकरण कि मांग की। पार्षद दीपक शाक्यवार ने बताया कि मुझे बेहद शर्मिंदगी महसूस हो रही है की आज की 21वीं सदी में भी वार्ड 35 हाल वार्ड 44 कोली,वाल्मिक व धोबी बस्ती के लोग 19वीं सदी जैसा जीवन यापन कर रहे हैं।

रोजगार सहायता शिविर 28 को

करौली । सहायक निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान से प्राप्त निर्देशानुसार कौशल रोजगार एवं उद्यिमता विभाग करौली के द्वारा 28 मई बुधवार को प्रात10:00 बजे से 3:00 बजे तक जिला मुख्यालय पर पुरानी कलेक्ट्रेट के पास स्थित डाईट के परिसर में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जायेगा। साथ ही विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के द्वारा काउन्टर लगाये जाकर युवाओं को उनके द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्वरोजगार योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान किया जायेगा। सहायक निदेशक ने बताया कि इच्छुक युवा अपनी शैक्षिणक योग्यता के लिये अंकतालिका, जन्मतिथि प्रमाणीकरण के लिये 10वीं की अंकतालिका या स्कूल की टीसी,निवास सम्बन्धी प्रमाण के लिये आधारकार्ड या मूलनिवास प्रमाणपत्र एवं पासपोर्ट साइज की 4-5 फोटो के साथ में शिविर स्थल डाईट परिसर पुरानी कलेक्ट्रेट सर्किल के पास करौली में उपस्थित रहकर अवसर का लाभ उठा सकते है।

कार्यालय जिला परिषद करौली

क्रमांक : जिपक/लेखा/निविदा/2025/60-65 — दिनांक : 22.5.2025

निविदा सूचना

जिला परिषद (ग्रामीण विकास एवं पंचायत प्रकोष्ठ) करौली में विभिन्न योजनाओं / शाखाओं में 1. स्टेशनरी सामग्री, 2. मत्स्य ठेका (बंध अतेवा) हेतु दर अनुबंध करने के लिए अनुभवी फर्मों / प्रतिष्ठित संस्थाओं से खुली निविदा आमंत्रित कीजाती है। इच्छुक निविदादाता निर्धारित राशि रु. नगद / डिमांड ड्राफ्ट से जमा कराकर जिला परिषद (पंचायत प्रकोष्ठ) से निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्तें प्राप्त कर सकते है। निविदा का विवरण निम्न प्रकार है :-

क्र. सं.	कार्य का विवरण	कार्य की अनु. लागत	निविदा बेचने की अंतिम दिनांक व समय	निविदा जमा करने की दिनांक व समय	निविदा खोलने की दिनांक व समय	निविदा शुल्क
1.	कार्यालय उपयोग हेतु स्टेशनरी सामग्री	5.00 लाख रु.	02.06.2025 दोपहर 1.00 बजे तक	02.06.2025 2.00 बजे तक	03.06.2025 दोपहर 2.00 बजे	500
2.	मत्स्य ठेका (बंध अतेवा)	3.60 लाख रु.	02.06.2025 दोपहर 1.00 बजे तक	02.06.2025 2.00 बजे तक	03.06.2025 दोपहर 2.00 बजे	400

निविदा का विवरण sppp.raj.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB : ZPR2526A0094, BID : ZKR202526GSOB00122, 23

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद करौली

कार्यालय ग्राम पंचायत (.....)

पंचायत समिति श्रीमहावीरजी जिला-करौली

क्रमांक :-/ई-निविदा/ग्रा पं/2025-26/ — दिनांक :- 20.05.2025

02/ई-निविदा सूचना 2025-26

पंचायत समिति श्रीमहावीरजी के अधीनस्थ ग्राम पंचायत **गुनसार, सनेट, कोटरी, पालनपुर, श्रीमहावीरजी, कटकड, गांवडामीना, एवं टोडूपुरा** हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में (निविदा प्रभावी होने की तिथि से) महानरेगा योजना एवं पंचायतराज एवं ग्रामीण विकास विभाग की अन्य योजनाओं (विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न परिपत्र के अनुसार) में संचालित कार्यो के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति सप्लाई एवं परिवहन इत्यादि सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 31.03.2026 तक या आगामी आदेशो तक वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम में पंजीकृत विक्रताओं निविदादाताओं से वार्षिक दर संविदा के लिए ई-टेण्डरिंग प्रकिया में निविदाएं आमंत्रीत की जाती है। विस्तृत विवरण व शर्त www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

निर्माण सामग्री हेतु निविदाऐं

क्र. स.	ग्राम पंचायत व पंचायत समिति का नाम	अनु.लागत (लाखो में)	ऑन लाईन/ निविदा डाउनलोड /अपलोड करने की तिथि एवं समय	प्रोसेसिंग शुल्क निविदा शुल्क 2 प्रति. धरोहर राशि, एवं तकनीकी विड एवं वित्तीय विड सम्बन्धित ग्रा.प. में जमा कराने की अंतिम दिनांक एवं समय	वित्तीय / तकनीकी विड खोलने की तिथि व समय स्थान :- सम्बन्धित ग्राम पंचायत
1	गुनसार, सनेट, कोटरी, पालनपुर, श्रीमहावीरजी, कटकड, गांवडामीना, एवं टोडूपुरा	75.00 प्रति ग्राम पंचायत	21.05.2025 से 05.06.2025 रात्रि 12.00 बजे तक	22.05.2025 से 06.06.2025 सायः 5.00 बजे तक	09.06.2025 निविदा खुलने की प्रकिया पूर्ण होने तक

NIB No. ZKR2526A0087

UBN No.

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत गुनसार ZKR2526WSOB00112 (सरपंच ग्राम पंचायत गुनसार) पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सनेट ZKR2526WSOB00113 (सरपंच ग्राम पंचायत सनेट) पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कोटरी ZKR2526WSOB00114 (सरपंच ग्राम पंचायत कोटरी) पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पालनपुर ZKR2526WSOB00115 (सरपंच ग्राम पंचायत पालनपुर) पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत श्रीमहावीरजी ZKR2526WSOB00116 (सरपंच ग्राम पंचायत श्रीमहावीरजी) पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कटकड ZKR2526WSOB00117 (सरपंच ग्राम पंचायत कटकड) पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत गांवडामीना ZKR2526WSOB00118 (सरपंच ग्राम पंचायत गांवडामीना) पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत टोडूपुरा ZKR2526WSOB00119 (सरपंच ग्राम पंचायत टोडूपुरा) पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी पंचायत समिति, श्रीमहावीरजी

कार्यालय पंचायत समिति मासलपुर जिला करौली

कमांक :- पंसमा./ लेखा/निविदा/2025-26/134-137 — दिनांक : 20/05/2025

ई-/निविदा सूचना संख्या 11 (वित्तीय वर्ष 2025-26)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति मासलपुर की अधीनस्थ 18 ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत के समस्त गांवो के घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की दर अनुमोदन हेतु संविदा वाणिज्यिक कर विभागों जीएसटी अधिनियम 2017 के अन्तर्गत पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों की ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से ऑन लाईन निविदाएँ ग्राम पंचायत स्तर से आमन्त्रित की जाती है। निम्नांकित कार्यों की कार्यकारी एजेन्सी ग्राम पंचायत होगी। निविदा फार्म / शर्तें ऑनलाईन / कार्यालय में उपलब्ध है।

क्र. सं.	ग्राम पंचायत का नाम	बोली का विवरण	अनुमानित लागत राशि (रूपये में)	बोली प्रतिभूति राशि (रूपये में)	बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये में)	M.D.RISL शुल्क (रूपये में)	बोली प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड शुरू करने की दिनांक व समय	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय	बोली खोलने की दिनांक व समय
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	चैनपुर गाधौली	ग्राम पंचायत के समस्त गांवों में घर-घर (आवासीय एवं व्यवसायिक) से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, सडक एवं नाली सफाई तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य	365130	2 प्रतिशत (प्रति ग्राम पंचायत	रूपये 500 (प्रति ग्राम पंचायत	रूपये 500 (प्रति ग्राम पंचायत	21/5/2025 सायं 5 बजे	2/6/2025 दोपहर 12.00 बजे तक	2/6/2025 दोपहर 2.00 बजे
2	लैदोरकला		1959670						
3	फतेहपुर		270970						
4	कंचनपुर		264950						
5	डांडा		263520						
6	डुकावली		277400						
7	जमूरा		312810						
8	पिपरानी		660130						
9	खूण्डा		248250						
10	रूधपुरा		209690						
11	मासलपुर		628340						
12	भावली		378930						
13	गुवरेवा		253080						
14	रतियापुरा		366625						
15	कोटा छाबर		401100						
16	सीलोती		647970						
17	खेडिया		672470						
18	नरायणा		267840						

1. निविदा प्रपत्र http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं अमानत राशि के मूल डी.डी./बैंकर चैक की प्रति ऑनलाईन तकनीकी निविदा के साथ संलग्न कर अपलोड करनी होगी। साथ ही निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं अमानत राशि का डी.डी./बैंकर चैक निविदा खोलने की दिनांक 02.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक जमा करानी होगी।
2. निविदा आमंत्रण की विस्तृत सूचना मय बोली दस्तावेज पंचायत समिति कार्यालय से व्यक्तिशः अथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क संबंधित ग्राम पंचायत के नाम व अमानत राशि का डी.डी./ बैंकर चैक संबंधित ग्राम पंचायत्त के नाम देय होगा एवं प्रोसेसिंग शुल्क का डी.डी. / बैंकर चैक M.D.RISL, Jaipur के नाम देय होगा।
4. निविदा प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं प्रतिभूति राशि दस्तावेजो को भौतिक रूप से कार्यालय में जमा कराने वाले निविदादाताओं की ही तकनीकी निविदा संबंधित सरपंच/ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय पंचायत समिति मासलपुर में उपापन समिति के समक्ष खोली जावेगी।
5. तकनीकी-वाणिज्यिक / क्वालिफाईड बिड दिनांक 02.06.2025 को दोपहर 2.00 बजे कार्यालय पंचायत समिति मासलपुर में उपस्थित बोलीदाता / संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समि